पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक–30.05.2024

दिनांक 29/30.05.2024 को थाना आशियाना 01, बीबीडी 01, काकोरी 01, मड़ियांव 04, महानगर 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना मोहनलालगंज–दिनांक 30.05.2024 को थाना मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि श्री अरून यादव पुत्र सूरज पाल निवासी–त्रिलोकपुर भदेसुवा थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने थाना मोहनलालगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 30.05.2024 को समय करीब 08.00 बजे सुबह में उनके सगे छोटे भाई अर्जुन यादव उम्र करीब 38 वर्ष ने अपने उक्त घर से करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित एक पेड़ से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री हरिश्चन्द्र मो0नं0 8423287014 थाना मोहनलालगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक के 01 पुत्र व 01 पुत्री है। मृतक दूध का व्यवसाय करता था।

थाना बीकेटी–दिनांक 30.05.2024 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि 100 शैय्या अस्पताल साढ़ामऊ थाना बीकेटी लखनऊ से थाना स्थानीय पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि रजनीश पाल पुत्र बृजमोहन पाल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी–कुवरपुर बराई थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को एस0आई0 श्री रावेन्द्र सिंह के द्वारा इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **एस0आई0 श्री रावेन्द्र सिंह मो0नं0 9412626760 थाना बीकेटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि सूचना मिली कि किसान पथ पर ग्राम रैथा के पास समय करीब 06.00 बजे से 06.30 बजे के बीच में एक ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रैलर में टकरा गया है। इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा गया तो पता चला कि हरदोई की तरफ से बीकेटी की तरफ जा रहे ट्रक नं0 यूपी 32 पीएन 8793 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैलर नं0 यूपी 78 एटी 2862 में टकरा गयी जिससे ट्रक चालक रजनीश उर्फ गोलू उम्र करीब 28 वर्ष व उसका छोटा भाई नैमिष पाल उम्र करीब 23वर्ष घायल हो गये है और ट्रक में फंस गये हैं। पुलिस द्वारा क्रेन की मदद से घायलों को निकाल कर तुरन्त इलाज के 100 शैय्या हॉस्पिटल में भेजा गया जहां पर रजनीश उर्फ गोलू को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया व घायल नैमिष पाल को मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में ले जाया गया, जहां पर उक्त घायल इलाजरत है।

थाना बीकेटी–दिनांक 30.05.2024 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि होमगार्ड अमरीस मिश्र ने थाना बीकेटी पर सूचना दिया कि दिनांक 29.05.2024 को वह विष्णुपाल के साथ बायोटेक नेटवर्किंग फैसलिटी केन्द्र तहसील रोड बीकेटी लखनऊ में समय करीब 16.00 बजे ड्यूटी पर थे कि ड्यूटी स्थान के बाउंड्री देखने अपने सहकर्मी के साथ आये तो देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति बगल खाली प्लाट में मृत अवस्था में पड़ा है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अशोक कुमार यादव मो0नं0 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि शव पर कोई जाहिरा चोट निशान नहीं हैं। आज दिनांक 30.05.2024 को मृतक की शिनाख्त विष्णु कुमार रावत पुत्र नान्हूराम रावत उम्र करीब 40 वर्ष निवासी–ग्राम डेरवा, अहमदपुर खेला थाना इटौंजा लखनऊ के रूप में हुयी। मृतक की शिनााख्त श्री नान्हूराम रावत द्वारा अपने पुत्र विष्णु कुमार रावत उपरोक्त के रूप में की गयी है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।